# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.11.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है।
- इसरो ने अपने चंद्रमा मिशन योजना के तहत लद्दाख के लेह में देश के पहले एनालॉग अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत की।
- समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी–सारा की ओर से दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- श्री विजयपुरम में कल से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- पर्यटन निदेशालय की ओर से कल पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत होगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। देश की प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामूहिक भावना के माध्यम से सरकार टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में दो हजार पन्द्रह से दो हजार तेईस तक टीबी के मामलों में सत्रह दशमलव सात प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह दर वैश्विक गिरावट आठ दशमलव तीन प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है। कल सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि टीबी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने उल्लेख किया कि सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए नि–क्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कल कदमतला के जिला टीबी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति ने स्पाइक आइलैंड का दौरा किया। दौरे के

दौरान इस क्षेत्र में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह के लिए टीबी की पहचान करने के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के भीतर तपेदिक के किसी भी संभावित मामले की पहचान करना था। इसमें एक सौ बाईस लोगों की जांच की गई, जिनमें से छः लोगों की थूक की जांच की गई। इस अवसर पर ज़िला टीबी अधिकारी डॉ. प्रबीर कुमार पालित, चिकित्सा अधिकारी डॉ. लस्टिन, आदिवासी कल्याण अधिकारी, एएनएम और अन्य कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस दौरान चिकित्सा जांच के अलावा, दल ने आदिवासियों और आदिम जनजाति विकास समिति के कर्मचारियों के साथ बैठक भी आयोजित की। इस पहल का उद्देश्य टीबी के जल्द और समय पर उपचार को बढ़ावा देना और समुदाय तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को इस सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

<><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो ने अंतरग्रहीय आवास में जीवन का अनुकरण करने के लिए लद्दाख के लेह में देश के पहले एनालॉग अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत की है। यह कदम भारत की निकट भविष्य में चंद्रमा पर मानव भेजने की योजना की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। एनालॉग अंतरिक्ष मिशन पृथ्वी पर अंतरिक्ष वातावरण के साथ भौतिक समानताएं रखने वाले और अंतरिक्ष उड़ान अनुसंधान के लिए समस्या समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका वाले स्थानों का परीक्षण है। लद्दाख की भौगोलिक विशेषताओं के मंगल ग्रह और चंद्र परिदृश्य के समान होने के कारण ही इस क्षेत्र को एनालॉग मिशन के लिए चुना गया है। एक महीने तक चलने वाला यह मिशन भारत की चंद्रमा पर आवास स्थापित करने की योजना के अनुरूप अंतरग्रहीय मिशन शुरू करने के लिए आधार प्रदान कर सकता है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी–सारा की ओर से हाल ही में बुनियादाबाद के सामुदायिक भवन में दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी की कार्यक्रम अधिकारी टी. धर्मिला ने दत्तक ग्रहण से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं पर जानकारी दी। उन्होंने बड़े बच्चों को गोद लेने पर भी ध्यान केंद्रित किया। एजेंसी के कार्यक्रम प्रबंधक जी. कोटेश्वर राव ने दत्तक ग्रहण पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा और नए मान्यताप्राप्त दत्तक ग्रहण एजेंसियों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य सेविका सुप्रोवा ने गोद लेने में लोगों को आ रही समस्याओं पर चर्चा की। एजेंसी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से गोद लेने के इच्छुक माता–पिता को प्रोत्साहित करने का भी अनुरोध किया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कल से अट्‌ठारह तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के लिए सरकार की ओर से छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए उम्मीदवार जिनके अभिभावकों की वार्षिक आमदनी किसी स्त्रोत से सलाना ढाई लाख से अधिक नहीं है, वे इक्कतीस दिसम्बर तक आवेदन फार्म जमा कर सकते है। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के लिए भी उम्मीदवार इक्कतीस दिसम्बर तक और अतिरिक्त छात्रवृत्ति योजना के लिए इक्कतीस दिसम्बर तक ही उम्मीदवार आवेदन जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन जमा करने होंगे। इसके लिए सभी स्कूल और कॉलेजों में सहायता के लिए एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। सभी पात्र अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से यू.टी प्रशासन और भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही वित्तीय सहयोग का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसी क्रम में, श्री विजयपुरम को फिर से दूसरे चरण के लिए आयोजित होने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए पचास पर्यटन स्थलों में चुना गया है। दूसरे चरण की शुरूआत कल आपदा प्रबंधन हॉल में सुबह ग्यारह बजे होगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। कोलीनपुर, स्वराज द्वीप, जंगलीघाट, गुप्तापाड़ा और छोलदारी में एक–एक पद के लिए विज्ञान विषय में बारहवीं पास उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में छः नवम्बर तक सहायक मत्स्य निदेशक, दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के चौहत्तरवें बैच के भर्ती कांस्टेबलों का फायरिंग अभ्यास प्रातरापुर के पुलिस फायरिंग रेंज में कल से नौ नवम्बर तक किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े पांच बजे से शाम चार बजे तक

चलेगा। संबंधित क्षेत्र के लोगों से फायरिंग के दौरान खुद को और अपने पालतू जानवरों को फायरिंग रेंज से दूर रखने का अनुरोध किया गया है।

**<><><><><><><>**

द्वीपों के कुछ भागों में वर्षा हुई। श्री विजयपुरम में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक नौ दशमलव चार मिलीमीटर, ननकौड़ी में आठ दशमलव आठ, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव आठ, कार निकोबार में पांच और लांग आइलैंड में एक दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि पांच और छः नवम्बर को द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है।

**<><><><><><><>**